अतिरिक्त अध्ययन

अध्ययन 1

निर्गमन का लेखक

पारम्परिक तौर पर मूसा को निर्गमन और शेष पेंटाटुक का लेखक समझा जाता है। हालाँकि, कुछ, यह विश्वास नहीं करते कि मूसा ने इन पुस्तकों को लिखा था। बर्नार्ड डब्ल्यू. एंडरसन ने टिप्पणी की और कहा कि "बहुत से विद्यार्थी जिन्होंने पेंटाटुक पर सावधानीपूर्वक विचार किया है वे दोहराव, शैली की अनियमितताओं, और भिन्नताओं के प्रति सचेत हो गए हैं जो कि किसी एक मानव लेखक की धारणा पर विचार कर सकती हैं।"[1]

एंडरसन ने पेंटाटुक में तीन प्रकार की सामग्रियों का वर्णन किया और इसके बाद यह कहते हुए समाप्त किया कि, "यहूदी, प्रोटेस्टेंट, और कैथोलिक विद्वानों के द्वारा माना जाने वाला प्रमुख सिद्धान्त यह है कि पेंटाटुक एक संयुक्त कार्य है जिसमें कई परम्पराएं या 'स्रोत' एक साथ मिश्रित किए गए हैं।"[2] उन्होंने आगे कहा "परम्पराओं की ये किस्में कई स्तरों में तब तक एक साथ बुनी गईं जब तक कि पेंटाटुक 400 ई.पू. के लगभग इसके वर्तमान और अन्तिम रूप में नहीं पहुँच गया।"[3]

बाद में, एंडरसन ने कहा कि यह पूरी कहानी नहीं है, परन्तु यह कि दस्तावेजों को सैकड़ों वर्षों तक मौखिक परम्पराओं के द्वारा आगे पहुँचाया गया। परिणाम स्वरूप उन्होंने लिखा,

> पेंटाटुक की परम्पराओं का इतिहास एक लम्बी और गतिशील प्रक्रिया को दर्शाता है, उस समय से लेकर जब इस्राएली कहानी को मौखिक तौर पर आकार दिया जा रहा था और लोगों के जीवन की विशिष्टताओं [वर्णनात्मक योगदानों] से समृद्ध किया जा रहा था और उस समय तक जब इसे कई लेखकों के द्वारा उनकी अपनी मंडलियों में शाब्दिक आकार दिया गया था, और अन्त में उस समय तक जब ये साहित्यिक किस्में उस कैनोनिकल पेंटाटुक में याजकीय लेखक के द्वारा एक साथ लाईं गईं जो हमें प्राप्त हुआ है।[4]

इस विवरण के अनुसार, वहाँ पर मौखिक परम्पराएं थीं, इसके बाद दस्तावेज लिखे गए, और अन्त में दस्तावेज़ों को पाँचवीं शताब्दी ई.पू. में रहने वाले एक याजकीय लेखक के द्वारा एक साथ जोड़ दिया गया। यह विचार मूसा के लेखन के अति लोकप्रिय वैकल्पिक दृष्टिकोण का प्रस्तुतिकरण है, जिसे दस्तावेज़ी परिकल्पना के रूप में जाना जाता है। यह परिकल्पना यह विचार है कि सैकड़ों वर्षों तक, चार बुनियादी दस्तावेज़ों का उपयोग करते हुए, पेंटाटुक को पुनरावर्तकों या संपादकों की एक श्रृंखला के द्वारा एक साथ रखा गया था। जिन चार दस्तावेज़ों

का इस्तेमाल किया गया है, उनकी संरचना के कर्म में, वे निम्नलिखित हैं:

(1) सबसे पहला, जिसके विषय में कहा जाता है कि यह नौवीं सदी ई.पू. से है, यह J दस्तावेज, या याहविस्ट दस्तावेज है। यह दस्तावेज इसके द्वारा परमेश्वर के लिए "याह्वेह" (יהוה), या यहोवा का उपयोग करने के लिए अधिक पहचाना जाता है। इसके का उल्लेख याहविस्ट के रूप में किया जाता है।

(2) इसके बाद, सम्भवतः आठवीं शताब्दी ई.पू. में लिखा गया दस्तावेज़, E दस्तावेज या एलोहिस्ट दस्तावेज़ था, जो परमेश्वर के लिए "एलोहीम" (אֱלֹהִים) नाम का उपयोग करता है। इसके लेखक का उल्लेख एलोहिस्ट के रूप में किया जाता है।

(3) सातवीं शताब्दी ई.पू. में योशिय्याह के सुधार के समय के लगभग लिखा गया, और सूची में अगला दस्तावेज़ D दस्तावेज़, या ड्यूट्रोनोमिस्ट दस्तावेज़ है। यह लेख, जिसका नाम व्यवस्थाविवरण के नाम पर रखा गया है, इसके बारे में कहा जाता है कि इसने पुस्तक की अधिकतर सामग्री का निर्माण किया था। इसके लेखक को ड्यूट्रोनोमिस्ट के रूप में जाना जाता है।

(4) चारों में से अन्तिम, के विषय में कहा जाता है कि इसे छठी या पाँचवीं शताब्दी ई.पू. के दौरान लिखा गया था, यह P दस्तावेज़, या प्रीस्टली (याजकीय) दस्तावेज़ है। इसे इस नाम से इसलिए पुकारा जाता है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इसे याजकों द्वारा लिखा या संगठित किया गया था और इसमें "याजकीय" रुचियाँ दर्ज हैं।[5]

कुल मिलाकर, यह सिद्धान्त संकेत करता है कि J दस्तावेज़ पहले लिखा गया था और बाद में एक संपादक के द्वारा इसे E दस्तावेज़ के साथ मिला दिया गया था, जिसका परिणाम एक हस्तलिपि थी जिसे JE के रूप में सन्दर्भ दिया गया था, जिसके विषय में कहा जाता है कि यह एक समय अवधि तक अस्तित्व में थी। बाद में, एक अन्य संपादक के द्वारा D दस्तावेज़ को जोड़ दिया गया, इसी कारण JED ने एक सौ या अधिक वर्षों तक पेंटाटुक का निर्माण किया। अन्त में, सिद्धान्तवादी दावा करते हैं, कि एक याजक या याजकों के समूह ने P दस्तावेज़ को जोड़ दिया, जिसकी संपूर्णता से JEDP उत्पन्न हुआ। यह दावा करना कि यह प्रक्रिया घटित हुई थी यह स्वीकार करना है कि इन संपादकों, या पुनरावर्तकों ने, न केवल इसके बाद के दस्तावेज़ों को वास्तविक सामग्री में उसके मिलते ही जोड़ दिया, परन्तु उन्होंने अपने विशेष पूर्वाग्रहों और उद्देश्यों के अनुसार सम्पूर्ण पेंटाटुक पर फिर से काम किया। इसके बाद, अन्तिम परिणाम, चारों दस्तावेजों का संयोजन और इसके साथ ही उन संपादकों के योगदान भी होंगे जिन्होंने इसे एक साथ रखा था।

नौवीं शताब्दी के अन्त में यह जैसे ही जूलियस वेलहाऊजन के द्वारा इसके उत्कृष्ट सूत्रीकरण में पहुँचा यह दस्तावेज़ी परिकल्पना का एक विवरण है। इसके बाद से ही, विद्वानों ने वास्तविक सिद्धान्त में कई सुधारों के सुझाव दिए हैं। फिर भी, यह कहना सुरक्षित होगा कि अधिकतर उदारवादी विद्वान[6] दस्तावेज़ी परिकल्पना के कुछ रूप को स्वीकार करते हैं, चाहे वे चारों के मूल संस्करण

(JEDP) को इसकी संपूर्णता में स्वीकार न करते हों।

जो दस्तावेज़ी परिकल्पना में विश्वास करते हैं वे निर्गमन में चार मूल दस्तावेज़ों में से तीन के निशान पाते हैं जिनसे पेंटाटुक का निर्माण किया गया था। फिर, क्यों, हम दस्तावेज़ी परिकल्पना को अस्वीकार करेंगे और मूसा के लेखन को स्वीकार करेंगे?[7]

पहला, दस्तावेज़ी परिकल्पना के लिए प्रमाण दमदार नहीं है। दस्तावेज़ी परिकल्पना के समर्थक दावा करते हैं, उदाहरण के लिए, परमेश्वर के विभिन्न नामों का उपयोग विभिन्न स्रोतों का प्रमाण देता है। उत्पत्ति 1 में परमेश्वर के लिए उपयोग किया गया नाम "एलोहीम" है; उत्पत्ति 2 में "याहवेह एलोहीम" ("यहोवा परमेश्वर") को प्रमुखता से उपयोग किया गया है। हालाँकि, विभिन्न ईश्वरीय नामों का उपयोग साधारणतया यह संकेत कर सकता है कि लेखक ने परमेश्वर का उल्लेख करने के लिए किस्मों का प्रयोग करने का चुनाव किया। हो सकता है उसने एक सन्दर्भ में एक पसंदीदा नाम को एक निश्चित अर्थ के साथ उपयोग क्या और दूसरे सन्दर्भ में अलग अर्थ के साथ एक नाम का उपयोग किया हो। सम्भवतः "याहवेह" नाम का उपयोग तब किया गया था जब परमेश्वर पर विशेष तौर पर सृष्टि, मानवता, या फिर इस्राएल के साथ उसके सम्बन्ध के विषय में विचार किया गया था। "याहवेह" परमेश्वर का विशेष वाचा का नाम है।

जो दस्तावेज़ी परिकल्पना को स्वीकार करते हैं वे "नकल" की उपस्थिति की टिप्पणी करते है - एक ही कहानी जिसका वर्णन भिन्न जानकारियों समेत दो बार किया गया है। उदाहरण के लिए, अब्राहम ने अपनी पत्नी के विषय में दो बार झूठ बोला (उत्पत्ति 12:10-16; 20:1-18), और इसहाक ने अपनी पत्नी के विषय में झूठ बोला (उत्पत्ति 26:6-11)। यह सिद्धान्त यह मानता है कि आम तौर पर ये विभिन्न दस्तावेज़ों में पाई जाने वाली एक ही कहानी की विविधताएँ हैं। हालाँकि, अन्य व्याख्याएँ भी सम्भव हैं। यदि अब्राहम को झूठ बोलने से एक बार लाभ पहुँचा था, तो उसके दूसरी बार झूठ बोलने की और अधिक सम्भावना थी। आगे, इसहाक यह आचरण अपने पिता से सीख सकता। एंडरसन के द्वारा बताई गए दोहराव, अनियमितताएं, और विसंगतियाँ या तो अस्तित्व में नहीं हैं अथवा इनकी आसानी से व्याख्या की जा सकती है।

दस्तावेज़ी परिकल्पना के समर्थक भी यह सोचते हैं कि वे पेंटाटुक में काल-भ्रम पाते हैं जो संकेत करता है निश्चय ही यह किसी बाद के समय में लिखी गई होगी और इसे मूसा के द्वारा नहीं लिखा जा सकता। एक उदाहरण जो दिया गया है वह ऊँट हैं, जिनका उत्पत्ति में बार-बार वर्णन किया गया है (जैसा कि 12:16; 24:10) में है, उन्हें अब्राहम के दिनों के बाद तक घरेलू नहीं बनाया गया था। अन्य दावा यह भी है कि, जिन पलिश्तियों का वर्णन अब्राहम की कहानी (उत्पत्ति 21:32) में किया गया है, वे कनान देश में तेरहवीं शताब्दी ई.पू. से पहले तक नहीं आए थे, अब्राहम के समय से बहुत बाद तक। आलोचक यह दावा करते हैं कि ऊँटों और पलिश्तियों का वर्णन यह संकेत करता है कि निर्गमन का लेखक उन घटनाओं

के बहुत समय बाद हुआ होगा जो उसने दर्ज की थीं। इस प्रकार के लेखक ने कहानी के विवरण को गढ़ा होगा। कुछ विद्वान विश्वास करते हैं कि पलिश्ती तेरहवीं शताब्दी से पहले देश में थे, और एक मौजूदा प्रमाण यह संकेत करता है कि ऊँटों को पहले ही घरेलू बना लिया गया होगा।[8] पलिश्तियों का नाम देने सम्बन्ध में, यह सम्भव है कि एक बाद के लेखक ने उन लोगों का नाम डालने के द्वारा जो उस समय उस क्षेत्र में रहा करते थे शब्द अद्यतन किया होगा।

दस्तावेज़ी परिकल्पना के लिए अन्य तर्कों का सामना इसी प्रकार से किया जा सकता है। वास्तव में, एक उदासीन समीक्षक यही कहेगा कि दस्तावेज़ी परिकल्पना को स्वीकार करने के लिए बाध्य करने वाली केवल एक ही बात एक अलौकिक विरोधी पक्षपात है। कुछ लोग साधारण तौर पर प्रत्येक बात के लिए, तोराह समेत एक स्वाभाविक व्याख्या को खोजने का निश्चय कर लेते हैं।

दूसरा, हमारे पास यह विश्वास करने के भले कारण हैं कि मूसा ही पेंटाटुक का लेखक है। इन कारणों में सम्मिलित हैं: (1) लम्बी परम्परा जो पेंटाटुक का श्रेय मूसा को देती है; (2) यह तथ्य कि मूसा को पेंटाटुक में लिखते हुए बताया गया है; (3) नए नियम का प्रमाण, जिसमें "व्यवस्था" और "मूसा" को एक समान बताया गया है (यहाँ तक यीशु के द्वारा भी; यूहन्ना 5:46, 47); एंड (4) यह तथ्य कि मूसा के पास पेंटाटुक लिखने का समय, क्षमता, प्रशिक्षण, और कारण था। पेंटाटुक के लेखक के रूप में मान्यता देने के लिए और कोई बेहतर प्रत्याशी नहीं है। यह तथ्य कि निर्गमन मूसा का तृतीया पुरुष के रूप में उल्लेख करता है यह मूसा के लेखन का खंडन इसलिए नहीं करता क्योंकि प्राचीन लेखकों ने स्वयं के विषय में तृतीया पुरुष में लिखा था।

चूंकि दस्तावेज़ी परिकल्पना को स्वीकार करने के कोई दमदार कारण नहीं हैं, तो मूसा को ही निर्गमन का लेखक समझा जाना चाहिए।

समाप्ति नोट्स

[1]बर्नार्ड डब्ल्यू, एंडरसन, *अंडरस्टैंडिंग द ओल्ड टेस्टामेंट,* 3d एडिशन. (इंगलवुड क्लिफफ़्स, न्यू जर्सी: प्रेन्टिस-हॉल, 1975), 18. [2]पूर्वोक्त, 19. [3]पूर्वोक्त। [4]पूर्वोक्त, 21. [5]कथित दस्तावेज और वह प्रक्रिया जिसके द्वारा वे पेंटाटुक बन गए इसका विवरण डेविड नोएल फ्रीडमैन के, "डाक्यूमेंट्स," इन *द इंटरप्रेटर डिक्शनरी ऑफ़ द बाइबल,* एड. जॉर्ज आर्थर बटरिक (नेशविल: अबिंगडन प्रेस, 1962), 1:860-61 में दिया गया है। [6]यहाँ पर "उदारवादी" का उपयोग ऐसे व्यक्ति का सन्दर्भ देने के लिए किया गया है जो पवित्रशास्त्र के परमेश्वर की प्रेरणा से होने के प्रति निम्न दृष्टिकोण रखता है और इसी कारण बाइबल की मौखिक प्रेरणा और अचूकता, आश्चर्यकर्मों की वास्तविकता, और यीशु के ईश्वरत्व (कुंवारी से जन्म, आश्चर्यकर्म, और मसीह के पुनरुत्थान पर प्रश्न करने सहित) पर संदेह करता है। [7]निम्नलिखित तर्कों, और अन्यों को, ग्लीसन एल. आर्चर, जूनियर, *ए सर्वे ऑफ़ ओल्ड टेस्टामेंट इंट्रोडक्शन,* रिवाइज्ड एंड ऍक्स्प. (शिकागो: मूडी प्रेस, 1994), 113-40 में पाया जा सकता है। [8]पूर्वोक्त, 180-81

अध्ययन 2

निर्गमन की तिथि

यहाँ तक कि उन लोगों में भी जो यह स्वीकार करते हैं कि जो घटनाएं निर्गमन में लिखी हैं वे वास्तव में हुई थीं - और यह कि मूसा एक वास्तविक व्यक्ति था - निर्गमन की तिथि के विषय में प्रश्न हैं। कई तिथियों का प्रस्ताव दिया गया है। आर्चबिशप अशर के अनुसार, निर्गमन 1491 ई.पू. में घटित हुआ था।[1] बीसवीं सदी के आरम्भ में, सी. आर. कोंडर ने निर्गमन को 1520 ई.पू. की तिथि दी।[2] जॉन जे. बिमसन के द्वारा एक अधिक आधुनिक प्रस्ताव में 1470 ई.पू. की एक तिथि का सुझाव दिया गया है।[3] हालाँकि, अधिकांश विद्वान दो अन्य तिथियों में से एक का समर्थन करते हैं।

व्यापक तौर पर स्वीकार की गई तिथियों में से एक 1290 ई.पू. (बाद की तिथि) है। यह तिथि अधिकतर पुरातत्व खोजों पर आधारित थी। मेर्नेप्ताह स्टेला, जिसकी तिथि 1220 ई.पू. है, यह संकेत करती है कि उस समय कनान देश में इस्राएल एक राष्ट्र के रूप में था। इसी कारण, वे निश्चय ही उस देश में उससे पहले आए होंगे। कई पुरातत्व घटनास्थलों ने उस व्यापक विनाश के प्रमाण को दर्शाया है जिसे 1250 ई.पू. के लगभग की तिथि दी जा सकती है। इसे यहोशू के अधीन इस्राएल द्वारा कनान के ऊपर विजय प्राप्त करने के प्रमाण रूप में अनुवादित किया गया है। इस प्रकार का प्रमाण मेर्नेप्ताह स्टेला के साथ अनुकूल है, जो इस्राएल को 1220 ई.पू. से पहले कनान में रखता है।

यदि इस्राएल ने 1250 ई.पू. के लगभग कनान पर विजय प्राप्त की थी, तो फिर उससे पहले 40 वर्ष गिनने पर निर्गमन की तिथि 1290 ई.पू. होगी। यह अन्य कारणों से भी सम्भावित तिथि प्रतीत होती है। इस्राएलियों द्वारा मिस्र में उनके दासत्व के दौरान बनाए गए भंडार नगरों में से एक को रामसेस कहा जाता था, और रैमिसेस द्वितीय[4] ने मिस्र के फिरौन के रूप में अपने राज्य का आरम्भ 1290 ई.पू. के लगभग किया था।

इसके साथ ही, बाइबल के अनुसार, इस्राएलियों ने जंगल में अपने उनके वर्षों के दौरान भयंकर प्रतिद्वंदियों का सामना किया था। पुरातत्व सर्वेक्षणों ने सुझाव दिया है कि जिन क्षेत्रों से होकर इस्राएल ने मिस्र से लेकर कनान की यात्रा की थी वे पन्द्रहवीं शताब्दी ई.पू. में निर्जन थे परन्तु तेरहवीं शताब्दी ई.पू. में बसे हुए थे। फिर तो इसकी अधिक सम्भावना है कि निर्गमन पन्द्रहवीं शताब्दी की अपेक्षा तेरहवीं शताब्दी में हुआ था।

1290 के विकल्प के तौर पर तिथि 1 राजाओं 6:1 के कथन पर आधारित है,

जो निर्गमन को सुलैमान के द्वारा मन्दिर के निर्माण के पूरे करने से 480 वर्ष पहले रखता है।

> इस्राएलियों के मिस्र देश से निकलने के चार सौ अस्सीवें वर्ष के बाद जो सुलैमान के इस्राएल पर राज्य करने का चौथा वर्ष था, उसके जीव नामक दूसरे महीने में वह यहोवा का भवन बनाने लगा।

यदि मन्दिर का निर्माण 965 ई.पू. के लगभग किया गया था, जैसा कि साधारण तौर पर अनुमान लगाया जाता है, तो फिर निर्गमन 1445 ई.पू. के लगभग (पहली तिथि)[5] हुआ था, और विजय 1405 ई.पू. के लगभग मिली थी। न्यायियों 11:26 में यिप्तह् ने कहा कि इस्राएल ने उसके समय से तीन सौ वर्ष पहले ही अम्मोन के क्षेत्र पर विजय प्राप्त कर ली थी। चूंकि यिप्तह् 1100 ई.पू. के लगभग हुआ, तो यह विजय को 1400 ई.पू. की तिथि प्रदान करेगा, और निर्गमन को 1440 ई.पू. रखेगा। इसके अलावा, चाहे रामसेस पन्द्रहवीं शताब्दी में फिरौन न रहा हो, "रामसेस" नाम को उससे पहले से जाना जाता था और उसे देश के उस भाग के लिए उपयोग किया जाता था जहाँ पर याकूब उस समय बसा था जब उसने उन्हें लेकर मिस्र में कूच किया था (उत्पत्ति 47:11)। जो लोग 1445 ई.पू. की तिथि मानते हैं वे बल देते हैं 1290 ई.पू. की बाद वाली तिथि के तर्क अपर्याप्त, अप्रचलित, और गलत व्याख्याओं के प्रमाण पर आधारित हैं।

जिन लोगों ने वास्तव में 1290 ई.पू. की तिथि की गणना की थी वे बाइबल ऐतिहासिक सत्यता को उच्च सम्मान देते थे। वे 1 राजा 6:1 से किस प्रकार व्यवहार करते हैं? उन्होंने सुझाव दिया कि पुराने नियम में अंकों को सदैव शाब्दिक तौर पर नहीं लिया गया, बल्कि कई बार इन्हें चिन्हों के रूप में उपयोग किया गया है - जो यह है कि, ये अवधारणाओं को प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने "चालीस वर्षों" को एक पीढ़ी के रूप में अनुवाद किया है। ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार इस्राएल "चालीस वर्षों" तक जंगल में भटकता रहा जब तक कि एक पूरी पीढ़ी मर नहीं गई, तो 1 राजा 6:1 का अनुवाद शाब्दिक तौर पर 480 वर्षों कि बजाए बारह पीढ़ियों के विषय में बताते हुए किया गया है। हालाँकि, एक पीढ़ी के चालीस वर्षों की तुलना में पच्चीस वर्षों के होने की अधिक सम्भावना है। यदि हम प्रत्येक की पच्चीस वर्षों की औसत से बारह पीढ़ियों कि गणना करें, तो जो कुल समय प्रस्तुत किया गया है वह शाब्दिक तौर पर 480 वर्ष नहीं है, बल्कि 300 वर्ष हैं। यदि हम इन वर्षों को 960 ई.पू. में जोड़ दें तो, परिणाम 1260 ई.पू. है, जो कि आयत की आवश्यकताओं और पुरातत्व प्रमाणों की संतुष्टि के लिए 1290 के काफी निकट है।

निर्गमन की तिथि के सम्बन्ध में तर्क अधूरे हैं और एक दूसरे को रद्द कर सकते हैं।[6] इन दोनों मुख्य विकल्पों 1290 ई.पू. और 1445 ई.पू. को, कुछ कन्जरवेटिव्स (रूढ़िवादी) (वे लोग जो बाइबल के सम्पूर्ण तौर पर प्रेरित होने में विश्वास करते हैं) के द्वारा स्वीकार किया गया है। जो लोग बाइबल की प्रेरित होने में विश्वास नहीं करते उनके लिए, निर्गमन की तिथि की चर्चा तर्कसंगत नहीं है।

एक मसीह के दृष्टिकोण से, चार तथ्य निश्चित हैं, चाहे निर्गमन की तिथि

तेरहवीं शताब्दी या चौदहवीं शताब्दी ई.पू. रही हो:

(1) जो घटनाएं निर्गमन की पुस्तक में दर्ज हैं वे वास्तव में हुई थीं।

(2) निर्गमन मिस्र के इतिहास के नए साम्राज्य काल में घटित हुआ था - वह समय काल जब मिस्र इसकी शक्ति की पराकाष्ठा पर पहुँच गया था। निस्संदेह, मिस्र निकट पूर्व की एक महान शक्ति था। किसी भी मामले में, परमेश्वर ने इस्राएल को उस सबसे महान साम्राज्य को हराने के द्वारा छुड़ाया था जो उस समय अस्तित्व में था।

(3) पुस्तक में पाई जाने वाली घटनाओं और नियमों के अभिलेख उनके घटने या दिए जाने के समय के निकट ही निश्चित तौर पर लिख लिए गए थे।

(4) निर्गमन कब घटित हुआ था उसकी परवाह किए बिना, निर्गमन की पुस्तक यह प्रेरित संदेश वही है।

समाप्ति नोट्स

[1]हेनरी एच. हेल्ली, *हेल्ली'स बाइबल हैंडबुक,* 24th एडीशन, रिवाइज्ड. (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जोंडरवैन, 1965), 32. [2]सी. आर. कोंडर, "द एक्सोडस," इन *द इंटरनेशनल स्टैण्डर्ड बाइबल इनसाइक्लोपीडिया,* एड. जेम्स ओर्र (ग्रैंड रैपिड्स. मिशिगन: डब्ल्यूएम. बी. अड्र्समैन पब्लिशिंग को., 1915), 2:1053. [3]*डिक्शनरी ऑफ़ द ओल्ड टेस्टामेंट: पेंटाटुक,* एड. टी. डेस्मंड एलेग्जेंडर एंड डेविड डब्ल्यू. बेकर (डाउनर्स ग्रोव, Ill.: इंटरवर्सिटी प्रेस, 2003), 260 में जॉन एच. वाल्टन, "एक्सोडस, डेट ऑफ़।". [4]वर्तनियाँ, तिथि के समान ही, एक स्रोत से दूसरे स्रोत में भिन्न हैं। इतिहासकार इस फिरौन का उल्लेख "रैमीसेस," "रैमिस्सेस," "रामस्सेस," या "रामसेस" के रूप में करते हैं। निर्गमन 1:11 के अनुसार, मिस्र के भंडार नगरों में से एक को "रामसेस" (NASB; KJV) या "रैमिसेस" (NIV; AB) नाम दिया गया था। [5]पहली तिथि का ग्लीसन एल. आर्चर, जूनियर, *ए सर्वे ऑफ़ ओल्ड टेस्टामेंट इंट्रोडक्शन,* रिवाइज्ड एंड एक्सपेंडेड (शिकागो: मूडी प्रेस, 1994), 239-52; ओडिस डी. डंकन, "डेटिंग एक्सोडस फ्रॉम ईजिप्ट: ए लुक एट द बिब्लिकल डेटा," *द जर्नल ऑफ़ बिब्लिकल इंटरप्रिटेशन एंड एप्लीकेशन* 1 (जुलाई-सितम्बर 2002): 79-92; एंड जॉन जे. बिमसन एंड डेविड लिविंगस्टन, "रीडिंग द एक्सोडस," *बिब्लिकल आर्कियोलॉजी रिव्यु* 13 (सितम्बर-अक्टूबर 1987): 40-53 में समर्थन किया गया है। [6]निर्गमन की तिथि के ऊपर दो मुख्य स्थितियों के समर्थन और विरोध में दिए गए मुख्य तर्क जॉन एच. वाल्टन की, *क्रोनोलॉजिकल एंड बैकग्राउंड चार्ट्स ऑफ़ द ओल्ड टेस्टामेंट,* रिवाइज्ड एंड एक्सपेंडेड.(ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जोंडरवैन पब्लिशिंग हाउस, 1994), 102-3 में प्रस्तुत किए गए हैं।

अध्ययन 3

मिस्र देश

मिस्र, इस्राएल के चार सौ वर्षों तक अस्थायी निवास का देश, निकट पूर्व में दो सबसे प्राचीन सभ्यताओं (दूसरी मेसोपोटामिया थी) के केन्द्रों में से एक था। अब्राहम के जन्म से बहुत पहले, मिस्र शक्तिशाली फिरौनों वाला एक महान देश था जिन्होंने पहले ही विशाल पिरामिड बनवा दिए थे। चार हजार वर्ष ई.पू. में मिस्री लिखने की योग्यता का विकास करने वाली पहली संस्कृतियों में से एक बन गए; वे एक चित्र-लेखन के रूप का उपयोग करते थे जो चित्रलेख के रूप जाना गया। जिस प्रकार आधुनिक समय के यात्री पिरामिडों के कारण मोहित रहते हैं, वैसे ही अब्राहम और अन्य पिता भी मिस्र के मकबरों, सम्पत्तियों और शक्ति से निश्चय ही आश्चर्यचकित रहे होंगे, जो उनके वहाँ जाने से पहले ही उस प्राचीन देश में थे।

इसका नाम

मिस्र का इब्रानी नाम "मिस्रैम" (מִצְרַיִם, *मिस्रयिम*) है, हाम के पुत्र का नाम (उत्पत्ति 10:6, 13)। कनानी मिस्र को "मिसरु" के रूप में जानते थे, सम्भवतः जिसका अर्थ "किलाबन्द देश" है। "मिस्रैम" को इब्रानी बाइबल में दोहरे रूप में प्रयुक्त किया गया है, जिसका अर्थ है "दो मिस्र," सम्भवतः यह ऊपरी और निचले मिस्र का सन्दर्भ दे रहा है।[1] हो सकता है "मिस्र" शब्द मेम्फिस (Aἴγυπτος, *ऐगुप्तोस*) नाम के यूनानी रूप से लिया गया हो।[2] प्राचीन मिस्री स्वयं अपने देश को "मिस्रैम" नहीं कहते थे; बल्कि वे इसे साधारण तौर पर "देश" या "काली भूमि" (बाढ़ के समय नील नदी के किनारे एकत्र की गई उपजाऊ मिट्टी) और "लाल भूमि" (रेगिस्तान) में भेद करते हुए इसे "दो देश" कहा करते थे।[3]

इसका भूगोल

मिस्र सदा से दो भागो में विभाजित रहा है: डेल्टा और मेम्फिस के दक्षिण में नील घाटी एक छोटे भाग को मिलाकर बना निचला मिस्र (उत्तर में), और ऊपरी मिस्र (दक्षिण में), जिसमें "समुचित संकरी घाटी [नील नदी की]" सम्मिलित है।[4] इस्राएल मूल तौर पर डेल्टा क्षेत्र में बसा था जिसे "गोशेन" के नाम से जाना जाता था (उत्पत्ति 45:10, 11; 46:28)। पितोम और रामसेस (निर्गमन 1:11) नगर भी इसी क्षेत्र में स्थित थे।

मिस्र की सबसे अधिक महत्वपूर्ण भूगोलीय विशिष्टता नील नदी है।

हीरोडॉट्स, ने पाँचवीं शताब्दी ई.पू. में, मिस्र को "नील नदी का उपहार" के रूप में बताया था। नील संसार की सबसे लम्बी नदियों में से एक है, जो लगभग चार हजार मील के मार्ग से होकर बहती है। यह संसार की उन थोड़ी सी प्रमुख नदियों में से है जो दक्षिण से उत्तर की ओर बहती हैं। नील मिस्र को बसने योग्य बनाती है। केवल नदी के दोनों और भूमि की संकरी पट्टी को जोता जा सकता है। चार्ल्स एफ. फ़िफर ने कहा, "निन्यानवे प्रतिशत आबादी उस चार प्रतिशत क्षेत्र में रहती है जिसे नील नदी के द्वारा सींचा जा सकता है, और कुछ नखलिस्तानों को छोड़कर, शेष रेगिस्तान है।"[5] यहाँ पर वर्षा का अस्तित्व लगभग है ही नहीं।

मिस्र के विषय में सबसे अधिक महत्वपूर्ण भौतिक तथ्य यह था कि नील सामान्य तौर पर अनुमान लगाने योग्य और हितकारी थी। प्रत्येक वर्ष इसके ऊपर बाढ़ के लिए निर्भर रहा जा सकता था, जो अधिक नहीं होती थी, जो अन्यथा बाँझ भूमि को फसल के लिए सम्भव बना देती थी। यह बाढ़ न केवल जल प्रदान करती थी, बल्कि मृदा के उपजाऊपन की पूर्ति करने के लिए प्रत्येक वर्ष अपने साथ मिट्टी की एक परत लेकर आती थी।[6]

मिस्र के भूगोल के परिणामों में निम्नलिखित थे:

(1) *राष्ट्रीय एकता।* उत्तर के लोगों और दक्षिण के लोगों के मध्य कोई प्राकृतिक बाधाएँ नहीं थीं। वास्तव में, नील ने देश के इन दो भागों में यातायात के प्राकृतिक तरीकों और वार्तालाप को प्रदान किया। (2) *प्राकृतिक सुरक्षा।* अन्य देशों की तुलना में, मिस्र आक्रमण से अपेक्षाकृत सुरक्षित था, उत्तर में एक सागर और पश्चिम, दक्षिण और पूर्व से रेगिस्तान से घिरा हुआ था। (3) *ऋतु-सम्बन्धी एकरूपता।* ऋतुओं, विशेषतः नील की कोमलता ने, मिस्रियों के राष्ट्रीय चित्त को प्रभावित किया था। वे और उनके देवता भिन्न थे - वे मेसोपोटामिया के लोगों और देवताओं की तुलना में - अधिक अनुमान लगाने योग्य और हितकारी थे।[7] (4) *खनिज सम्पन्नता।* मिस्र में सब प्रकार के कीमती पत्थर और खनिज और भवन निर्माण की सामग्रियाँ उपलब्ध थीं। पुरातत्व की खोजें यह चित्रण करती है कि देश कितना सम्पन्न था। हालाँकि, मिस्र में "मकानों और जहाजों के लिए, अच्छी ठोस लकड़ी" का अभाव था।[8]

इसका इतिहास

सबसे आरम्भिक दर्ज किए कालों में से, मिस्र दो साम्राज्यों में विभाजित था। यह आरम्भिक विभाजन इस देश के नाम और इसके चिन्हों की स्मृति में रखा गया था। 3000 ई.पू. के लगभग एक महान राजा जिसे मेनेस या नार्मर के नाम से जाना जाता था देश को उसके द्वारा संयुक्त कर दिया गया था। उस समय से लेकर, प्राचीन निकट पूर्व के किसी भी देश से अधिक, मिस्र एक एकीकृत देश के रूप में बना रहा। हालाँकि, मिस्री लोग देश के दोहरे स्वभाव को कभी नहीं भूले: "उनके फिरौन सदैव 'ऊपरी और निचले मिस्र के राजा' और 'दो देशों के स्वामी थे।'"[9]

280 ई.पू. के लगभग, मिस्री याजक मेनेथो ने मिस्र के इतिहास को तीस राजवंशों में विभाजित कर दिया। उसने मिस्री शक्ति के तीन प्रमुख कालों की

पहचान की - पुराना साम्राज्य, मध्यकाल का साम्राज्य, और नया साम्राज्य - इसके साथ ही उथल-पुथल और दुर्बलता के काल। उसका कार्य, और अधिक प्रचलित नहीं है, फिर भी प्राचीन इतिहासकारों के द्वारा उसका उल्लेख किया गया है और सदियों तक बार-बार अनुकूलित किया गया है। जॉन एच. वाल्टन, ने केनेथ ए. किचन के कार्य का उल्लेख करते हुए, मिस्र के इतिहास के कालों की निम्नलिखित तिथियाँ प्रस्तुत की हैं:[10]

मिस्री कालक्रम
प्राचीन काल (3000-2700 ई.पू.) *राजवंश 1, 2*
पुराना साम्राज्य (2700-2160 ई.पू.) *राजवंश 3-8*
प्रथम मध्यवर्ती काल (2160-2010 ई.पू.) *राजवंश 9, 10*
मध्यम साम्राज्य (2106-1786 ई.पू.) *राजवंश 11, 12*
दूसरा मध्यवर्ती काल (1786-1550 ई.पू.) *राजवंश 13-17*
नया साम्राज्य (1550-1069 ई.पू.) *राजवंश 18-20*
तीसरा मध्यवर्ती काल (1069-656 ई.पू.) *राजवंश 21-25*
साईटे-फारसी साम्राज्य (664-332 ई.पू.) *राजवंश 26-31**
*राजवंश 27 और 31 फारसी थे।

विशाल पिरामिडों का निर्माण चौथे राजवंश के दौरान, पुराने साम्राज्य में हुआ था। नए साम्राज्य के बाद, मिस्री शक्ति घट गई:

> मिस्र की वास्तविक शक्ति तेजी से घट गई। इब्रानी भविष्यद्वक्ताओं ने अपने राजाओं मिस्री सहायता के ऊपर निर्भर रहने के कारण डांट लगाई (देखें

> यशायाह 30, 31; यिर्मयाह 46)। मिस्र अश्शूर और बेबीलोन के मुकाबले का नहीं था, और फ़ारसी साम्राज्य के उदय के साथ एक "निम्न साम्राज्य" बन गया (यहेजकेल 29:15), और आने वाले युगों तक अपनी वास्तविक स्वतंत्रता खो दी।[11]

दूसरे मध्यवर्ती काल के दौरान, हिक्सोस, यहूदी मूल के विदेशी राजाओं ने, मिस्र पर राज किया। "तीसरी शताब्दी ई.पू. के इतिहासकार, मेनेथो के अनुसार, हिक्सोस ने मिस्र को हिंसक आक्रमण के द्वारा जीत लिया," एक ऐसा दृष्टिकोण जिसे हाल में उन विद्वानों के द्वारा चुनौती दी गई है जो यह दावा करते हैं कि उनका सिंहासन तक पहुँचना "एक अमोरी तख्तापलट" का परिणाम था।[12]

हिस्कोस और याकूब के परिवार के बीच का सम्बन्ध अस्पष्ट है। कुछ लोगों ने यह तर्क दिया है हिस्कोस उस समय मिस्र पर शासन कर रहे थे जब यूसुफ़ और उसका वहाँ पहुँचे थे, परन्तु एक वैकल्पिक दृष्टिकोण यह भी है कि जब इस्राएल ने मिस्र में प्रवेश किया तब मूल मिस्री सिंहासन पर था और हिस्कोस वे लोग थे जिन्होंने इस्राएल को सताना आरम्भ किया था।[13] किसी भी मामले में, आगे आने वाला काल, वह काल जिसमें इस्राएल मिस्र से निकल गया, वह नए साम्राज्य का काल था (1550-1069 ई.पू.) - विस्तार का एक समय जिसके दौरान प्राचीन निकट पूर्व में मिस्र सबसे बलशाली शक्ति था।

इसके शासक[14]

हत्शेपसत (1486-1468 ई.पू.), जिसके बारे में सम्भवतः कहा जाता है कि वह मूसा की दत्तक माता थी, एक महिला फ़िरौन थी।

> जब थुतमोस II की अचानक (ca. 1479) मृत्यु हो गई, तो शिशु थुतमोस III का अधिकार उनकी सौतेली माँ हत्शेपसत, उसके पिता की प्रमुख रानी और अहमोस के वंशज द्वारा ग्रहण किया गया था। अन्ततः उसने स्वयं को राजा बनाया और लगभग दो दशकों तक, शायद उसकी मृत्यु होने तक अपने सौतेले-पुत्र के साथ शासन किया ... बाद में उनके शासनकाल में, थुतमोस III ने उसके स्मारकों को अपवित्र कर दिया और उसकी स्मृति को अपमानित किया।[15]

थुतमोस III (1490-1436 ई.पू.) के बारे में जॉन ए. विल्सन ने बताया कि वह "महान सैन्यबल और प्रशासनिक क्षमता वाला एक व्यक्ति" था, जिसने "एशिया में सत्रह अभियानों को समर्पित किया, एक मिस्र के साम्राज्य की स्थापना [उत्तरी] सीरिया में की, और उस क्षेत्र पर पकड़ बनाए रखने के लिये सेना और नागरिक नियन्त्रण की शुरुआत की।"[16] ग्लिसन एल. आर्चर, जूनियर, ने उसे कष्ट देनेवाला फिरौन के रूप में बताया। उसने कहा कि, रामसेस द्वितीय के अलावा, केवल थुतमोस III ही राजगद्दी पर लंबे समय तक (हत्शेपसत के राजपाठ के इक्कीस वर्ष सहित, और चौवन वर्ष तक) जो कि मिस्र से मूसा के निकल जाने के समय में राज्य कर रहा था। तीस से चालीस वर्ष बाद वह मूसा का जलती झाड़ी पर परमेश्वर

द्वारा बुलाए जाने के कुछ समय पहले ही मर चुका था। आर्चर ने इस फिरौन को "महत्वाकांक्षी और ऊर्जावान" शासक के रूप में दर्शाया, जो महत्वपूर्ण सैन्य जीत प्राप्त कर चुका था और कई भवन निर्माण की परियोजनाओं को पूरा कर चुका था।[17]

अमेनहोतेप IV (अखेनातोन) ने 1369 से 1353 ई.पू. तक मिस्र पर शासन किया। एक एकेश्वरवादी के रूप में, उसने केवल सूर्य-छतरी एतान की पूजा की और अपनी प्रजा के लोगों को मात्र इसी पर विश्वास करने को विवश किया। उसने राजधानी को थेबेस से एक नए शहर में ले गया जिसे वह मिस्र के मध्य में बनवाया, जिसे अखेतातोन ("सूर्य-छतरी का क्षितिज") कहा जाता है। उसी समय, उसने अपना नाम बदलकर अमेनहोतेप ("अमुन" का अर्थ "संतुष्ट") से अखेतातोन (जिसका अर्थ "वह जो सूर्य-छतरी के लिये उपयोगी है") रखा। फिर भी, उसके पुनः सुधार कार्य केवल अस्थायी थे।

> [उसका उत्तराधिकारी] होरेमहेब (1347-1318 सदी) ने राजधानी को वापस थेबेस ले गया, सूर्य-छतरी के मन्दिर को बन्द करवा दिया और नई मकानों के परियोजनाओं को पूरा करने के लिये उसकी बनाई इमारतों को तोड़वा दिया ... अखेतातोन के सामने एकेश्वरवाद एक किनारे कर दिया गया जो केवल समय की जरूरत थी।[18]

अन्ततः, मिस्त्रियों ने उसके प्रभाव को पूरी तरह मिटा डाला।

"अमरना पत्र" के नाम से जाना गया दस्तावेज अखेतातोन के शासनकाल की समय तिथि को बताते हैं। ये पत्र तेल एल-अमरना में पाए गए थे, जो प्राचीन शहर अखेतातोन का आधुनिक नाम है, जिसे 1365 ई.पू. में अखेतातोन द्वारा बनाया गया था परन्तु जल्द ही इसे गिरवा दिया गया था। वे अक्कड़ियन में, "उस समय की अन्तरराष्ट्रीय राजनीति सम्बन्धी भाषा" में एक कनिलेख लिपि में लिखी गई थीं। उनकी विषय वस्तु "सीरिया-पलिश्त में मिस्र के क्षेत्र में गुटबाजी की स्थिति के प्रभाव को दर्शाती है; स्थानीय शासक विश्वासघाती जागीरदार साथियों पर आरोप लगाते थे; मिस्र के अधिपति से सहायता के अनुरोध लगातार किए जाते थे।[19]

अमरना पत्र हबीरु लोगों के बारे में बताते हैं, जिसका वर्णन बार बार प्राचीन निकट पूर्व के स्रोतों में दूसरी सदी ई.पू. में किया गया है। हबीरु लोगों का वर्णन एक जातीय समूह के बदले सामाजिक समूह के रूप में सबसे अच्छे तरीके से किया गया है। जहाँ भी उनका उल्लेख किया गया है, उनका वर्णन "परदेशी" के रूप में और उस स्थान के मूल निवासियों पर उनकी निर्भरता के सम्बन्ध में किया गया है। शब्द "हबीरु" से लगता है कि यह किसी भी वर्ग के लोगों के लिये जिनका कोई स्थायी घर नहीं होता था उनके लिये लागू किया जाता था। "इब्रानी" - इस्राएली लोग जिन्होंने कनान पर विजय प्राप्त किया - में कुछ बातें हबीरु लोगों के समान थीं, परन्तु दोनों समूहों को समान नहीं कहा जा सकता क्योंकि विजय प्राप्त करने के समय में हबीरु प्राचीन निकट पूर्व के दूसरे हिस्सों में पाए जा सकते थे।[20]

तुतनखामेन (1352-1344 ई.पू.), जिसे "राजा तुत" के नाम से भी जाना जाता है, वह अखेनातोन का दामाद था। वह स्मेनखेरे (एक और दामाद) के बाद फिरौन बना, जो 1355-1352 ई.पू. तक राज्य करता रहा, या फिर अखेनातोन के साथ राजकीय शासन करते हुए उसके बाद भी शासन करता रहा। न तो स्मेनखेरे और न ही तुतनखामेन ने अपने ससुर के विश्वास को स्वीकार किया; उन्होंने "आतोन, सूर्य की जीवन देने वाली छतरी" के बदले अमोन, सूर्य देवता की पूजा की।[21] तुतनखामेन अपनी जवानी में ही मर गया, और उसकी कब्र 1920 के दशक में ज्यों की त्यों पाई गई। उसकी अक्षतिग्रस्त कब्र की समृद्धि मिस्र के धनी होने का साक्षी देता है।

रामसेस द्वितीय (1290-1224 ई.पू.) सम्भवत: सभी फिरौनों में सबसे महान था। किसी भी दूसरे की तुलना में उसने अधिक समय तक काम किया, मिस्र के साम्राज्य को बनाए रखा, और महान स्मारकों का निर्माण किया। इसके अलावा, उसने "अपने पूर्वजों के स्मारकों को अपने लिये नैतिक आपत्ति का ध्यान न रखते हुए विनियोजित किया।"[22]

मर्नेप्ताह (1224-1214 ई.पू.) रामसेस का उत्तराधिकारी था। उसने पलिश्त और सीरिया में मिस्र के शत्रुओं के विरुद्ध एक सैन्य अभियान को चलाया और उसकी जीत स्मरण दिलाने वाला एक लिखित खम्भा (दिनांक 1220 ई.पू.) गाड़ दिया। मर्नेप्ताह के गाड़े गए लिखित खम्भे में ये शब्द लिखे गए हैं: "इस्राएल उजड़ चुका है, उसका कोई वंशज नहीं बचा है।"[23] यह मिस्र के साहित्य में इस्राएल के बारे में पहला उल्लेख है और यह प्रमाणित करता है कि 1220 ई.पू. में इस्राएल कनान में था।

इसकी संस्कृति और धर्म

जबकि फिरौन "समाज का मुख्य आधार था, जैसे देवताओं और मनुष्यों के बीच एक मध्यस्थ होता है," मिस्र के देवताओं को प्रकृति की शक्तियों के अवतार, या इसकी घटनाओं (सूर्य, चंद्रमा) या अवधारणाओं (क्रम) के रूप में देखा जाता था।[24] फिरौन, याजक, और सरकारी अधिकारी बड़े बड़े मन्दिरों में पूजा करते थे, जहाँ वे मन्दिरों की रीति के माध्यम से मिस्र पर देवताओं की आशिषें माँगते थे। साधारण लोग घरेलू देवताओं की पूजा करते थे। "जादू, धर्म के एक पहलू के रूप में विकसित हुआ ... परन्तु 'काला' जादू एक दण्डनीय अपराध था।"[25]

फिरौन की सरकार की सेवा राज्य के अधिकारियों और शासकों की एक नौकरशाही लोगों द्वारा की जाती थी। याजकों की अपनी सम्पत्ति और प्रशासन हुआ करता था। नए मंत्री की शुरुआत से, मिस्र रथों से सुसज्जित एक सेना को तैयार रखता था। शिक्षा मन्दिर की पाठशालाओं में और नागरिक प्रशासन के एक भाग के रूप में दी जाती थी। मिस्र ने कहानियों और कविताओं का एक समृद्ध साहित्य विकसित किया, जिसमें बुद्धि-पुस्तकें (नीतिवचन के समान) शामिल हैं। यद्यपि मिस्र मुख्य रूप से एक कृषि प्रधान समाज था, कुशल कलाकारों और कारीगरों का एक बड़ा हिस्सा फिरौन के लिये काम करता था, जो भव्य स्मारकों

का निर्माण करते थे।

मिस्र के लोग मरने के बाद जीवन में विश्वास रखते थे जिसने उन्हें मृत शरीरों को ममी बनाने के लिये प्रेरित किया। कब्रों में रखे गए लेखों का उद्देश्य उनमें रखे गए व्यक्तियों के बारे में ओसीरिस, मृत्यु के देवता के दायरे में सुरक्षित बताते थे।[26]

मिस्र और इस्राएल[27]

इस्राएल के इतिहास में मिस्र का हमेशा एक प्रमुख स्थान रहा है। इस्राएल का एक राष्ट्र होने से पहले भी, मिस्र की संस्कृति का परमेश्वर के लोगों पर प्रभाव था।

पुराना नियम। अब्राहम ने मिस्र में समय बिताया (उत्पत्ति 12:10-20), और इश्माएल ने एक मिस्री स्त्री से विवाह किया (उत्पत्ति 21:21)। यूसुफ को मिस्र में बेच दिया गया (उत्पत्ति 37:25-28, 36) और अन्त में एक मिस्री स्त्री से उसका विवाह कर दिया गया (उत्पत्ति 41:45)। बाद में, याकूब और बाकी का परिवार मिस्र में रहने के लिये चला गया। मूसा का जो नाम था मिस्रियों के नाम के अनुसार दिया गया था, जैसा अन्य इस्राएलियों ने किया था। जिस समय से इस्राएल ने अपनी दासत्व का जीवन छोड़ दिया, तब से वे स्वयं की पहचान बनाने लगे - और परमेश्वर ने उन्हें पहचान दिया - वे लोग वही कहलाए, जिन्हें परमेश्वर ने मिस्र से निकाल लाया था (निर्गमन 19; 20; 32:1)।[28]

कुलपतियों के युग के बाद, इस्राएल के राजाओं के दिनों में, मिस्र एक प्रभावशाली शक्ति - कभी-कभी इस्राएल के प्रतिद्वंद्वी के रूप में, और कभी-कभी एक सहयोगी के रूप में भी होता था। सुलैमान ने फिरौन की बेटी से विवाह किया (1 राजा 3:1) और मिस्र के साथ व्यापार किया (1 राजा 10:28, 29)। "मिस्र की बुद्धि" का उल्लेख 1 राजा 4:30 (देखें यशा. 19:12) में किया गया है। फिरौन ने गेजेर पर कब्जा कर लिया (1 राजा 9:19), और सुलैमान के शत्रुओं को मिस्र में शरण ली (1 राजा 11:17-22, 40)। फिरौन ने रहूबियाम के राज्य पर हमला किया (1 राजा 14:25, 26)। इस्राएल और यहूदा के राजाओं ने मिस्र की सहायता की माँग की (2 राजा 17:4), परन्तु अश्शूरियों ने उन्हें चेतावनी दी थी कि वे मिस्र पर भरोसा न करें (2 राजा 18:21)। योशिय्याह को मिस्र की सेना ने मार डाला था (2 राजा 23:29) मिस्रियों ने पराजित होने पर पलस्तीन के सभी अधिकार खो दिए (2 राजा 24:7)। गदल्याह की हत्या के बाद, कुछ इस्राएली मिस्र में भाग गए, और भविष्यद्वक्ता यिर्मयाह को भी अपने साथ ले गए (2 राजा 25:26; यिर्म. 41-44)।

मिस्र के बूटेदार सन के कपड़े का उल्लेख नीतिवचन 7:16 (देखें यहेज. 27:7) में किया गया है, और यशायाह 45:14 "मिस्र की कमाई" के बारे में बताता है। भविष्यद्वक्ताओं ने मिस्र के विरुद्ध भविष्यद्वाणी की (देखें यशा. 19; यिर्म. 46:2-26; यहेज. 29:2-20) और मिस्र के साथ एक वाचा बाँधने के लिये इस्राएल को दण्ड दिया (यशा. 30:1-5; 31:1)। एक बार, जब मिस्र ने यहूदा को बचाया, यिर्मयाह ने चेतावनी दी कि राहत केवल कुछ समय के लिये ही था (यिर्म. 37:11;

यहेज. 17:15)। ऊरिय्याह भविष्यद्वक्ता भागकर मिस्र को चला गया, परन्तु वह यहूदा के राजा से नहीं बच सका (यिर्म. 26:20-23)।

नया नियम. यीशु के जन्म के तुरन्त बाद, उसके माता-पिता उसे मिस्र ले गए (मत्ती 2:13-23) स्तिफनुस ने प्रेरितों के काम 7 में अपने भाषण में मिस्र पर जोर दिया। अपुल्लोस सिकन्दरिया से था, जो मिस्र का एक प्रमुख शहर था (प्रेरितों 18:24)। इब्रानियों 11:26 "मिस्र के खजाने" के बारे में बताता है। प्रकाशितवाक्य में, मिस्र को सदोम के साथ, महान दुष्टता का एक स्रोत (प्रका. 11:8) के रूप में चित्रित किया गया है।

गैर-बाइबल संदर्भ। मिस्र में रहने या मिस्र से निकलते समय इस्राएलियों के बारे में कोई भी धर्मनिरपेक्ष विचार को नहीं बताता है, मिस्र के लेखन और शिलालेख मिस्र में जानेवाले और दास के रूप में सेवा करनेवाले प्रवासी यहूदियों के बारे में बताते हैं। प्राप्त साक्ष्य यह भी इंगित करता है कि मिस्रियों ने कनान में समय बिताया। मिस्र की कुछ साहित्य बाइबल में इब्रानी ज्ञान साहित्य से मिलता-जुलता है। इब्रियों के एक समूह ने छठी शताब्दी ई.पू. में मिस्र में एलीफेन्टाईन द्वीप पर अपना स्वयं का मन्दिर बनाया और पाँचवीं शताब्दी ई.पू. में फारसी काल के दौरान यहूदिया के मंत्री को पत्र लिखा था।[29] बाद में, यहूदियों का एक बड़ा समूह सिकन्दरिया में रहते थे, जहाँ सेप्टुआजिंट (पुराना नियम का यूनानी संस्करण) का अनुवाद किया गया था।

समाप्ति नोट्स

[1]जॉन जे. डेविस, *ए डिक्शनरी ऑफ़ द बाइबल,* 4th रिवाइज्ड एडिशन (ग्रैंड रैपिड्स मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1957), 190. [2]चार्ल्स एफ. फ़िफर, एड., "इजिप्ट," में *द बिब्लिकल वर्ल्ड: ए डिक्शनरी ऑफ़ बिब्लिकल अर्कियोलॉजी* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1966), 207; जॉन ए. विल्सन, "इजिप्ट," में *द इंटरप्रेटर्स डिक्शनरी ऑफ़ द बाइबल,* एड. जॉर्ज आर्थर बटरिक (नेशविल: अबिंगडन प्रेस, 1962), 2:39. [3]फ़िफर, 207-9; विल्सन, 39. [4]जेम्स हेस्टिंग्स, *डिक्शनरी ऑफ़ द बाइबल,* दूसरा संस्करण, एड. फ्रेडेरिक सी. ग्रान्ट एंड एच. एच. राउली (एडिनबर्ग: टी. एंड टी. क्लार्क, 1963), 231 में एच. डब्ल्यू फेयरमैन, "इजिप्ट।" [5]फ़िफर, 209. [6]*अर्डमैन्स हैंडबुक ऑफ़ द बाइबल,* एड. डेविड एलेग्जेंडर एंड पट एलेग्जेंडर (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: डब्ल्यू एम. बी. अर्डमैन्स पब्लिशिंग को., 1973), 151 में केनेथ ए. किचन, "इजिप्ट।" [7]जैक पी. लुईस ने कहा, "मिस्री संसार की एकरूपता ने उसके विश्वासों पर छाप छोड़ी थी।" (*द वर्ल्ड एंड लिटरेचर ऑफ़ द ओल्ड टेस्टामेंट,* एड. जॉन टी. विलीस [ऑस्टिन, टेक्सास.: स्वीट पब्लिशिंग को., 1979], 94 में जैक पी. लुईस, "बाइबल आर्कियोलॉजी एंड जियोग्राफी।") [8]विल्सन, 41. [9]*द जोंडरवैन पिक्टोरियल इनसाइक्लोपीडिया ऑफ़ द बाइबल,* एड. मेर्रिल सी. टेन्नी (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जोंडरवैन पब्लिशिंग हाउस, 1975), 2:227 में केनेथ ए. किचन, "इजिप्ट, लैंड ऑफ़।" [10]जॉन एच. वाल्टन, *क्रोनोलॉजिकल एंड बैकग्राउंड चार्ट्स ऑफ़ द ओल्ड टेस्टामेंट,* रिवाइज्ड एंड एक्स्पेंडेड (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जोंडरवैन, 1994), 62-63; *एंकर बाइबल डिक्शनरी,* एड. डेविड नोएल फ्रीडमैन (न्यू यॉर्क: डबलदे, 1992), 2:328-30 में देखें केनेथ ए. किचन, "इजिप्ट, हिस्ट्री ऑफ़," तिथियाँ लगभग हैं।

[11]किचन, *अड्र्समैन'स हैंडबुक,* 154. [12]जॉन जे. डेविस, *मोसेस एंड द गॉडस ऑफ़ इजिप्ट: स्टडीज़ इन एक्सोडस,* 2d एडिशन (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1986), 40. [13]ग्लीसन एल. आर्चर, जूनियर, *ए सर्वे ऑफ़ ओल्ड टेस्टामेंट इंट्रोडक्शन,* रिवाइज्ड एंड एक्सपेंडेड (शिकागो: मूडी प्रेस, 1994), 221. [14]इन शासकों को यहाँ शामिल किया गया है क्योंकि इतिहासकारों ने उन्हें निर्गमन की घटनाओं या समय काल के साथ जोड़ा है। फिरौन के शासनकाल की तिथियाँ विल्सन, 48-50 से ली गई हैं। प्राचीन तिथियाँ अनुमानित हैं और एक स्रोत से दूसरे में भिन्न हैं। [15]डेविड पी. सिल्वरमैन, एड., *एन्सिएन्ट इजिप्ट* (न्यू यॉर्क: ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, 1997), 32. [16]विल्सन, 48. [17]आर्चर, 228. [18]*मर्सर डिक्शनरी ऑफ द बाइबल,* एड. वाटसन ई. मिल्स (मैकॉन, गा.: मर्सर यूनिवर्सिटी प्रेस, 1991), 18-19 में जॉन कीटिंग वाईल्स, "अखेनातोन।" [19]*मर्सर डिक्शनरी ऑफ द बाइबल,* एड. वाटसन ई. मिल्स (मैकॉन, जार्जिया: मर्सर यूनिवर्सिटी प्रेस, 1991), 22-23 में जॉन कीटिंग वाईल्स, "अमरना।" [20]पूर्वोक्त. हबीरु के बारे में अधिक जानकारी के लिये देखें एडवर्ड एफ. कैम्पबेल, जूनियर, "दि अमरना लेटर्स एण्ड दि अमरना पीरियड," *बिब्लिकल आर्कियोलोजिस्ट* 23 (फरवरी 1960): 2-22; एण्ड नील्स पीटर लेमचे, "हबीरु, हपीरु," *एंकर बाइबल डिक्शनरी,* एड. डेविड नोएल फ्रीडमैन (न्यू यॉर्क: डबलडे, 1992), 3:6-10.

[21]विल्सन, 50. [22]पूर्वोक्त, 51. [23]पूर्वोक्त, 52. [24]किचन, *एर्डमैन्स' हैण्डबुक,* 151-52. [25]पूर्वोक्त., 152. [26]पूर्वोक्त. [27]बाइबिल के सम्बन्ध में मिस्र के बारे में अतिरिक्त जानकारी किचन, *एर्डमैन्स' हैण्डबुक,* 152-54, में दी गई है। [28]देखें लैवव्य. 19:36; 26:13; गिनती 20:15, 16; 24:8; व्यव. 1:27; 5:6; 6:21; 16:1; 26:8; यहोशू 9:9; 24:6; न्यायियों 2:1, 12; 6:8; 1 शमूएल 8:8; 12:6; 2 शमूएल 7:6; 1 राजा 8:9, 16, 21, 51; 2 राजा 17:7; 1 इतिहास 17:21; 2 इतिहास 5:10; नहेम्य. 9:9, 18; भजन 81:10. [29]*दि इंटरप्रेटर के डिक्शनरी ऑफ द बाइबल,* एड. जॉर्ज आर्थर बटरिक (नैशविले: अबिंगडन प्रेस, 1962), 2:83-85 में एमिल जी. क्रेलिंग, "एलिफैन्टाईन पपीरी।"